दैनिक भास्कर 22/02/2024

जीएमएन कॉलेज में राष्ट्रभाषा मंच ने करवाई संगोष्ठी

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में राष्ट्रभाषा विचार मंच द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर वैचारिक संगोष्ठी करवाई गई। विद्यार्थियों ने मातृभाषा और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में मातृभाषाएं पुनः पल्लवित एवं सुवासित हो रही हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमें हमारे संस्कारों, परंपराओं एवं भाषीय गौरव के साथ जोड़ती है। विद्यार्थियों ने मातृभाषा के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए बताया की मातृभाषा में शिक्षा ग्रहण करना सर्वोत्तम है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता ने बताया कि मातृभाषाएं और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति आज का ज्वलंत विषय है। डॉ. राजेंद्र देशवाल ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कैनवास पर सभी भाषाएं पुनः खिल उठती हैं।